न्यायालय जिला कलेक्टर, दौसा

पीठासीन अधिकारी :– पीयुष समारिया
आई०ए०एस०

प्रार्थना पत्र सं० 67/2020

1. एच.डी.एफ.सी. हाऊसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि० रजिस्टर्ड पता प्राधिकृत अधिकारी, एच०डी० एफ०सी० लिमिटेड, सी–25, भगवंत दास रोड, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, सी० स्कीम, जयपुर 302001 जरिये श्री अमित डागा, प्राधिकृत अधिकारी प्रार्थी।

प्रार्थी

बनाम

1. श्री राजेन्द्र कुमार मीना पुत्र श्री मूलचंद मीना
   (अ) खसरा नंबर 304, शिक्षक कालोनी, प्रतिभा स्कूल के सामने, वार्ड संख्या 24, बसवा रोड बांदीकुई जिला दौसा 303313
   (ब) Scientist,S.I.&Q.C., पब्लिक वर्क डिपार्टमेन्ट, डिविजन दौसा जिला दौसा राजस्थान 303303
   (स) 50/238, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान 302020

अप्रार्थी

प्रा० पत्र अ०धा० 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 बंधक सम्पत्ति का कब्जा सुपुर्दगी बाबत।

उपस्थिति : श्री संजय सिंह, अधिवक्ता प्रार्थी।

आदेश

दिनांकः 16.12.2020

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक एच.डी.एफ.सी. हाऊसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि० रजिस्टर्ड पता प्राधिकृत अधिकारी, एच०डी० एफ०सी० लिमिटेड, सी–25, भगवंत दास रोड, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, सी० स्कीम, जयपुर ने अप्रार्थी/ऋणी श्री राजेन्द्र कुमार मीना पुत्र श्री मूलचंद मीना निवासी खसरा नंबर 304, शिक्षक कालोनी, प्रतिभा स्कूल के सामने, वार्ड संख्या 24, बसवा रोड बांदीकुई जिला दौसा 303313 या Scientist,S.I.&Q.C., पब्लिक वर्क डिपार्टमेन्ट, डिविजन दौसा जिला दौसा राजस्थान 303303 या 50/238, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान 302020 को 9,75,000/–(रूपये नौ लाख पिचहत्तर हजार), 10,00,000/– (रूपये दस लाख), 6,00,000/– (रूपये छः लाख) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ऋण सुविधा उपलब्ध कराते समय ऋणी द्वारा पुनः भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में परिसम्पत्ति के रूप में हाईपोथिकेशन किया गया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही करने से उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अंतर्गत अप्रार्थी ऋणी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गयी सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त करने हेतु **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 के तहत निवेदन किया है।

अधिवक्ता प्रार्थी बैंक एच.डी.एफ.सी. हाऊसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि० को सुना गया। हमने प्रार्थी बैंक एच.डी.एफ.सी. हाऊसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि० द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक एच.डी.एफ.सी. हाऊसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि० को ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नहीं करने से उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से नोटिस जारी करने पर ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र मे अंकितानुसार बंधक रखी गई अचल सम्पत्ति नगर पालिका मंडल बांदीकुई जिला दौसा द्वारा जारी आवासीय भूमि का विक्रय पत्र संख्या 773/02.08.07 क्षेत्रफल 210.41 वर्गगज जो कि ऋणी श्री राजेन्द्र कुमार मीना पुत्र श्री मूलचंद मीना निवासी शिक्षक कॉलोनी बांदीकुई के नाम है, जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है, का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी बैंक एच.डी. एफ.सी. हाऊसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि० को, किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो, तो नियमानुसार आवश्यक होने पर पर्याप्त पुलिस बल पुलिस अधीक्षक, दौसा से प्राप्त कर कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। आदेश आज दिनांक 16.12.2020 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर,दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा